# बारिश में भी दिल्ली जमकर दौड़ी




महिला सुरक्षा के लिए हुई मैराथन।

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

राजधानी में रविवार की सुबह हल्की बारिश और ठंड के बावजूद इंडियागेट पर आयोजित हाफ मैराथन में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। मवाना शुगर इंडियन ओपन मैराथन उम्र, लिंग की भावना से अलग स्वास्थ्य व खुशहाली के लिए खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें महिला व पुरुष विजेताओं को समान पुरस्कार राशि दी गई। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और दिल्ली एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित इस मैराथन का फ्लैग ऑफ सुबह 7.30 बजे इंडियागेट पर किया गया। इस मैराथन की कुल इनामी राशि 15 लाख रुपए थी, जिसमें दिल्ली पुलिस, भारतीय सेना, वायुसेना, अर्धसैनिक बल, कॉरपोरेट घराने और कॉलेज स्कूलों के छात्रों सहित 12 हजार 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

मैराथन के विजेता क्रमशः पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अरविंद कुमार यादव व महिला वर्ग में महाराष्ट्र की नीलम मारुति दमन रहीं। दोनों विजेताओं को ढाई ढाई लाख रुपये और उनके वजन के बराबर मवाना शुगर क्यूब्स दिए गए। अरविंद पिछले साल के मैराथन में उपविजेता रहे थे।